2827(E)
29/04/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बेगूसराय के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Begusarai Bypass Road from BTPS Chakiya (NH-31) to Lakhminiya Baliya via Gupta Lakhminiya Bandh from Ch.0+000 to 38+210 (Total Length-38.210 Km.) for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–20.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–981 दिनांक–20.03.2026 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–2401(ई०) दिनांक–10.04.2026 द्वारा संसूचित परिवाद समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1139(अनु०) दिनांक–13.04.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Begusarai Bypass Road from BTPS Chakiya (NH-31) to Lakhminiya Baliya via Gupta Lakhminiya Bandh from Ch.0+000 to 38+210 (Total Length-38.210 Km.) for the year 2024-25 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बेगूसराय। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹39362.04 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–935(एस०) दिनांक–05.02.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹38511.77 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1038(अनु०) दिनांक–29.03.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹35071.32889 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months<br>(Including Monsoon Period) |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 19.02.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 10 (दस) अदद यथा :– |
| | (i) M/s SNP-HCAPL (JV) | | (ii) M/s Mateshwari Construction |
| | (iii) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. | | (iv) M/s G R Infra Projects Limited |
| | (v) M/s R K Jain Infra Projects Private Limited | | (vi) Aakshya Infra Projects Private Limited |
| | (vii) Galfar Engineering and Contracting (India) Private Limited | | (viii) APPL-AMRIL (JV) |
| | (ix) M/s OASIS RKA JV Infra Projects (JV) | | (x) Ravi Infrabuild Projects Limited |
| 2.11 | विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–82 / 2025<br>उपभागीय ज्ञापांक–981 दिनांक–20.03.2026<br>विभागीय ज्ञापांक–2401(ई०) दिनांक–10.04.2026 |
| 2.12 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा वन विभाग से NOC प्राप्त नहीं हरने के कारण विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय ज्ञापांक–4981(E) दिनांक–28.07.2025 द्वारा निविदा रद्द की गई थी। |
| 2.13 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त है। दिनांक–09.04.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–2401(ई०) दिनांक–10.04.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है। |

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्राक–1139(अनु०) दिनांक–13.04.2026):–**

विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–09.04.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों की निविदित राशि निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd.** | **₹3,50,71,32,889.00**<br><br>**(तीन सौ पचास करोड़ इक्हत्तर लाख बत्तीस हजार आठ सौ नवासी रुपये)** | **परिमाण विपत्र की राशि से 6.28% (छः दशमलव दो आठ) प्रतिशत अधिक दर पर।** | **₹3,72,73,80,834.43**<br><br>**(तीन सौ बहत्तर करोड़ तिहत्तर लाख अस्सी हजार आठ सौ चौंतीस रुपये तेंतालीस पैसे)** | L-1 |
| 2. | Ravi Infrabuild Projects Limited | | परिमाण विपत्र की राशि से 9.72% (नौ दशमलव सात दो) प्रतिशत अधिक दर पर। | ₹3,84,80,26,205.81<br><br>(तीन सौ चौरासी करोड़ अस्सी लाख छब्बीस हजार दो सौ पाँच रुपये इक्यासी पैसे) | L-2 |

इस प्रकार वित्तीय बीड में सफल प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 6.28% अधिक है, जिस पर निविदा की राशि ₹3,72,73,80,834.00 (तीन सौ बहत्तर करोड़ तिहत्तर लाख अस्सी हजार आठ सौ चौंतीस रुपये) मात्र होती है। अतः न्यूनतम निविदाकार M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. के पक्ष में ₹3,72,73,80,834.00 (तीन सौ बहत्तर करोड़ तिहत्तर लाख अस्सी हजार आठ सौ चौंतीस रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय पत्रांक–2742(ई०) दिनांक–24.04.2026 द्वारा पथ प्रमंडल, बेगूसराय के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Begusarai Bypass Road from BTPS Chakiya (NH-31) to Lakhminiya Baliya via Gupta Lakhminiya Bandh from Ch.0+000 to 38+210 (Total Length-38.210 Km.) for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. (L-1) का उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 6.28% अधिक था, दर वार्त्ता हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय कक्ष में दिनांक–27.04.2026 को अपराह्न 01:00 बजे उपस्थित होने का निदेश दिया गया।

उक्त विभागीय निदेश के अनुपालन में संवेदक M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. (L-1) के पत्रांक–RKSCPL/26-27/21 दिनांक–27.04.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में दर वार्त्ता के संबंध में अभ्यावेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त अभ्यावेदन में प्रतिवेदित किया गया है, जो तथ्य अंकित है:–

"उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक के संबंध में कहना है कि M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. द्वारा निविदित दर विभाग द्वारा आकलित Estimated Project Cost से 6.28% अधिक उद्धृत करने के Justification निम्नवत् है:–

1. प्रस्तावित निविदा का Estimated Project Cost पूर्व के SOR पर आधारित है, जिसके विभिन्न मदों की दर वर्त्तमान SOR 2026 (जो 01.04.2026 से प्रभावी है) की तुलना में काफी कम है। उल्लेखनीय है कि वर्त्तमान में निर्माण सामग्रियों की दरों में निरंतर वृद्धि हो रही है, साथ ही निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले भारी मशीनों के संचालन व्यय में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है।

2. इसके अतिरिक्त, नए वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ होने के कारण श्रमिकों की दरों में वृद्धि प्रभावी हो चुकी है, जिससे निर्माण लागत पर क्रमिक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

3. साथ ही, अमेरिका एवं ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन, स्टील, सीमेंन्ट एवं अन्य निर्माण साममग्रियों की आपूर्त्ति श्रृंख्ला प्रभावित हो रही है, जिससे निर्माण सामग्रियों के मूल्यों में और वृद्धि की प्रबल संभावना है।

फलस्वरूप, परियोजना लागत पर इसका प्रतिकूल पड़ना स्वाभाविक है।

अतः M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. द्वारा उद्धृत दर 6.28% अधिक दर उचित प्रतीत होता है। फिर भी भवदीय द्वारा आहूत दर वार्त्ता में आपसी सहमति एवं विभागीय कार्यों के प्रति सहयोग हेतु विभाग द्वारा आकलित Estimated Project Cost से 3.00% अधिक दर मात्र पर कार्य करने हेतु सहमत है।"

बि/त शाखा
28/4/26

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1139(अनु०) दिनांक–13.04.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, बेगूसराय के अन्तर्गत **Widening & Strengthening of Begusarai Bypass Road from BTPS Chakiya (NH-31) to Lakhminiya Baliya via Gupta Lakhminiya Bandh from Ch.0+000 to 38+210 (Total Length-38.210 Km.) for the year 2024-25** कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd.** का उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से 6.28% (छः दशमलव दो आठ) प्रतिशत अधिक है। संवेदक से दर वार्त्ता के पश्चात् उनके प्रक्रमित दर परिमाण विपत्र की राशि से 3.00% (तीन दशमलव शून्य) प्रतिशत अधिक यानि् ₹3,61,23,46,875.00 (तीन सौ इक्सठ करोड़ तेंईस लाख छियालीस हजार आठ सौ पचहत्तर रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.5 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.6 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28/04/26 | 28/4/26 | 28/04/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–82/2025 2827(E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/04/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।